अगस्त, 2019

परिचर्चा पत्र

भारत में गवेषण एवं खनन: गहन खोज़ का समय

एस. विजय कुमार

दि इनर्जी एण्ड रिसोर्सिस संस्थान
स्थायीवत भविष्य के लिए अभिनव समाधान की खोज

© प्रतिलिप्याधिकार
इस प्रकाशन की सामग्री प्रतिलिपि अधिकृत हैं। इस परिचर्चा पत्र की सामग्री का गैर–व्यापारिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग किया जा सकेगा बशर्ते कि इसके स्रोत का पर्याप्त वर्णन हो। पुनः प्रकाशन से संबंधित पूछताछ इस पते पर भेजी जाए : दि इनर्जी एण्ड रिसोसिस इंस्टीट्यूट (टेरी) दरबारी सेठ ब्लॉक, इंडिया हैबिटैट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003, भारत

लेखक

एस. विजय कुमार, प्रतिष्ठित फैलो, टेरी
e-mail : SVijay.kumar@teri.res.in

बाह्य विश्लेषक

श्री ए.के. भंडारी, अपर महानिदेशक, भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण (सेवा निवृत्त)

हिंदी प्रारूप का पुनः अवलोकन : श्रीमती सरोज नायर

लेखक का परिचय

एस. विजय कुमार इससे पूर्व खान मंत्रालय में अपर सचिव (2008–10) तथा सचिव (2010–11) रहे हैं। टेरी में वे संसाधनों और ग्रामीण विकास से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं तथा नीतिगत समन्वय और एसडीजी (SDGs) से संबंधित महत्वपूर्ण पहलों का नेतृत्व करते हैं। वे संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण के अंतर्राष्ट्रीय संसाधन पैनल के सदस्य भी हैं।

प्रशस्ति सुझाव मंचः विजय कुमार एस. (2019) । भारत में गवेषण एवं खननः गहन खोज़ का समयः टेरी परिचर्चा पत्र (नई दिल्ली): (दि इनर्जी एण्ड रिसोर्सिस इंस्टीट्यूट (टेरी))

संपादन एवं साज–सज्जा

आभास मुखर्जी, सुदीप पंवार

प्रकाशक

दि इनर्जी एण्ड रिसोसिस इंस्टीट्यूट (टेरी)

अधिक जानकारी के लिए

एकीकृत नीतिगत विश्लेषण कार्यक्रम : टेरी, दरबारी सेठ ब्लॉक, इंडिया हैबिटेट कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली– 110003, भारत
दूरभाष : +91 11 2468 2100 या 2468 2111 । फैक्स : +91 11 2468 2144 या 2468 2145
Email: pmc@teri.res.in | Web: www.teriin.org

विषय-सूची

भारत में गवेषण एवं खनन : गहन खोज़ का समय

संक्षिप्त विवरण	5
खण्ड 1: रूपरेखा	7
भू–वैज्ञानिक पृष्ठभूमि	7
वैश्विक संदर्भ में भारत की स्थिति	7
भारत में खनिज विकास की व्यापक कार्यनीति के भाग के रूप में गवेषण	10
भारत में खनिज नीति तथा कानूनों का विकास	10
गवेषण हेतु विधायी ढांचे में हाल में हुए परिवर्तन	11
राष्ट्रीय खनिज गवेषण नीति (एनएमईपी) 2016	11
राष्ट्रीय खनिज नीति 2019	11
खण्ड 2: मुद्दे	13
खनन एवं गवेषण में पारदर्शिता	13
नीलामियां अभी भी व्यक्तिपरक एवं गैर–पारदर्शी हो सकती हैं	14
खनिज नीलामी बाजार को अस्त–व्यस्त कर सकती है	14
प्रभावकारी विनियम	15
एनएमईटी निधि का कारगर उपयोग	15
''एक्सप्लोरिंग इन इंडिया'' से ''माइन इन इंडिया'' से ''मेक इन इंडिया''	16
अन्तर–परम्परागत साम्यता	17
खण्ड 3: निष्कर्ष तथा भावी मार्ग	19
संदर्भ	21
अनुबंध	22
परिशिष्ट	25

भारत में गवेषण एवं खनन : गहन खोज़ का समय

संक्षिप्त विवरण

भारत में खनिजों के लिए सर्वाधिक भू–वैज्ञानिक संभावनाएं हैं। ऊपरी सतह अथवा उससे कुछ नीचे स्थित अधिकांश खनिज खोजे जा चुके हैं और गहराई में छिपे हुए खनिज निक्षेपों के लिए एक गहन खोज की आवश्यकता है। इसका अभिप्राय है नवीनतम प्रौद्योगिकियों के द्वारा सतत आधार पर गवेषण किया जाए। तथापि, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति–प्राप्त फ्रेजर वार्षिक सर्वेक्षण 2016 के अनुसार, भारत को नीतिगत संभावना सूचकांक में 88, उच्च परम्परा खनिज संभाव्यता सूचकांक में 94 तथा निवेश आकर्षकता सूचकांक वाले 104 स्थानों में से 97वां स्थान दिया गया है। इस प्रकार, भारत नीचे के दस देशों में हैं।

खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) ऐसे समय पर अधिनियमित किया गया जब सार्वजनिक क्षेत्र को अर्थव्यवस्था का उच्च स्तर प्राप्त है। एक सुधारात्मक राष्ट्रीय खनिज नीति की घोषणा 2008 में की गई थी जिसमें कहा गया कि गवेषण एवं खनन को रियायतों की पूर्ण पारदर्शिता के साथ स्वतंत्र कार्यकलापों के रूप में मान्यता दी जाएगी और यह भी कि निजी क्षेत्र टोही सर्वेक्षण (reconnaissance) एवं गवेषण में निवेश प्रमुख स्रोत होना चाहिए।

2015 में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) में आवंटन प्रक्रिया में विवेकाधिकार समाप्त करने और अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से संशोधन किया गया था। नीलामी पद्धति को रियायतें प्रदान करने का एकमात्र तरीका बनाया गया। 2016 में सरकार द्वारा एक राष्ट्रीय खनिज गवेषण नीति (एनएमईपी) और उसके बाद, राष्ट्रीय खनिज नीति 2019 गई जिसमें कहा गया है गवेषण करने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और यह भी कि नीलामी के समय प्रथम अस्वीकृति के अधिकार के माध्यम से नीलामी तंत्र के दायरे के अंतर्गत निजी क्षेत्रीय निवेश के साथ–साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को आकर्षित करने के लिए गवेषण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

इस परिचर्चा पत्र में सुझाव दिया गया है कि नीलामियों को रियायतों की मूल पद्धति बनाकर निजी क्षेत्र को नए गवेषण में अपेक्षित निवेश करने से निरूत्साहित किया गया है जबकि विदोहन के लिए खनिज निक्षेपों को लगातार उपलब्ध कराने हेतु ऐसा निवेश आवश्यक हैं।

इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि गवेषण और खनन के बीच संबंध को न्यायालयों द्वारा अच्छी तरह समझ लिया गया है। उच्चतम न्यायालय ने भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तुत संदर्भ में, दिनांक 27 सितंबर, 2012 की अपनी राय (भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के अधीन 2012 के विशेष संदर्भ संख्या 1) में उल्लेख किया है कि प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन करते समय जन विश्वास के निर्वहन के लिए नीलामी ही केवल एक मात्र मार्ग नहीं है।

इस परिचर्चा पत्र में एमएमडीआर अधिनियम के संशोधन और खनिज नीति के संशोधन में शामिल दृष्टिकोण से उत्पन्न कुछ मुद्दों पर भी प्रकाश डाला गया है :

1. नीलामियां भी वस्तुनिष्ठ एवं गैर–पारदर्शी हो सकती हैं क्योंकि खनिजों के मूल्यांकन की वर्तमान प्रणाली को नीलामी के उद्देश्य के लिए नहीं बनाया गया है। यदि अनिश्चितता, अपूर्णता और मनमानी को कम किया जाना है तो 'यूएनएफसी' प्रणाली की बजाय खनिज संसाधनों को सूचित करने की अधिक सशक्त प्रणाली जैसे 'जेओआरसी' को अपनाने की आवश्यकता है।
2. इस संशोधित एमएमडीआर अधिनियम में ''कैप्टिव'' तथा ''नॉन–कैप्टिव'' खनन की अवधारणा आरंभ की गई है । बाजार को विभाजित करके तथा संसाधन की कमी की धारणा उत्पन्न करके ''कैप्टिव'' खानों की नीलामी से धातु निर्माताओं द्वारा अनावश्यक उच्च नीलामी बोलियां आरंभ होंगी (धातु बनाने वाली परिसंपत्तियों को कच्चे माल की कमी के भय से), जिसमें बाजारी उतार–चढ़ाव के रहते, एक ''विनर कर्स'' की काफी संभावना होती है। इस अधिनियम में संशोधन से एक गैर–समानता प्रक्रिया की भी उत्पत्ति हुई है क्योंकि सार्वजनिक उपक्रमों को नीलामी के बिना खानें आवंटित की जाती हैं।
3. यह प्रणाली बाजार की कार्य कुशलता को प्रोत्साहित नहीं करती है। नीलामी प्रणाली केवल पूरी तरह पहले खोजे गए निक्षेपों के लिए होने चाहिए और 'कैप्टिव' और 'नॉन–कैप्टिव' खानों के बीच बिना कोई अंतर के अपनाई जानी चाहिए ताकि अयस्क विकसित करने के लिए मुक्त बाजार हो और संसाधनों का उपयोग पूर्ति और मांग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यधिक कुशलता पूर्वक किया जा सके। स्वाभाविक रूप में नीलामी लौह अयस्क, बॉक्साइट और चूना–पत्थर जैसे खनिजों के लिए, जिनकी उपलब्धि व्यापक क्षेत्रफल पर होती है और जिनका पूर्वेक्षण (Prospecting) आसानी से किया जाता है। ऐसी जिन खानों की नीलामी की जाती है उन्हें प्रत्येक 20 अथवा 30 वर्षों के बाद जब तक उस निक्षेप का आर्थिक रूप से खनन–योग्य हिस्सा खाली नहीं हो जाता, पुनः विस्तार (extension) के माध्यम से खनन करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे, उसके कार्यकाल का स्थायित्व सुनिश्चित होगा तथा रियायतधारी को दीर्घावधि निवेश और खान योजना बनाने में समर्थ बनाएगा तथा वह अलग–अलग श्रेणियों के अयस्क का बेहतर उपयोग कर सकेगा। साथ ही, खनिज रियायतों को मुक्त रूप से हस्तांतरित किए जाने का प्रावधान होना चाहिए जिससे निष्कर्षण एवं प्रोसेसिंग की प्रौद्योगिकी सुधारों का लाभ उठाया जा सके।
4. जैसे–जैसे ''मेक इन इंडिया'' नीति से प्रेरित होकर देश का विकास होता है तथा उद्योग और विनिर्माण में वृद्धि होती है खनिज संसाधनों की सुनिश्चित उपलब्धता सामान्य रूप में भारतीय उद्योग को और विशेष

रूप से, विनिर्माण को एक प्रतियोगी लाभ देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। अब इस बात पर बल दिए जाने की आवश्यकता है कि अनुसंधान तथा विकास (R & D) प्रक्रिया के माध्यम से आधार धातु अयस्कों से उप–उत्पाद धातुओं द्वारा सह–उत्पादन पर बल दिया जाए ताकि तथाकथित प्रौद्योगिकी धातुओं तथा ऊर्जा–महत्व की धातुओं की आवश्यकताओं को कारगर रूप से पूरा किया जाए और एक ओर, कच्ची सामग्री की उपलब्धि की सुरक्षा और दूसरी ओर, देश के विनिर्माण क्षेत्र को एक प्रतियोगी लाभ प्रदान किया जा सके। गवेषण से भारत की खनिज सुरक्षा और प्रतियोगी ताकत में सुधार होना चाहिए और गवेषण को नीलामी से प्राप्त राजस्व पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

5. नीलामियों में धातु निर्माण उद्योग की वित्तीय व्यवहार्यता को कम करने तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतियोगिता शक्ति घटाने की क्षमता है। यदि ''मेक इन इंडिया'' का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है तो रॉयल्टियों, आयातों तथा लागतों को अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है।
6. खनन क्षेत्र में सामान्य रूप से विनियमों में अभाव के जटिल और व्यापक स्वरूप को देखते हुए, अब समय आ गया है कि इस क्षेत्र के सुदृढ़ एवं तकनीकी रूप से विश्वसनीय प्रबंधन हेतु स्वतंत्र खनन विनियामक प्राधिकरणों की स्थापना की जाए।

खण्ड 1 : रूपरेखा

भू-वैज्ञानिक पृष्ठभूमि

भारत की भू–संरचना प्राचीन समय की है जिसे 'आर्कियन' काल कहा जाता है जो लगभग 2,500 मिलियन वर्षों से पहले की है। भारतीय शील्ड[1] में आर्कियन संरचनाओं में भारत का अधिकांश दक्षिणी और पूर्वी भाग तथा असम, झारखण्ड, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ भाग आते हैं। इसके बाद, प्रोटेरोजोइक काल था जो 2,500 से 570 मिलियन वर्ष पहले तक का है। अरावली क्षेत्र प्राचीन प्रोटेरोजोइक पर्वत का अवशेष है। विन्ध्य क्षेत्र भी इस काल से जुड़े हुए हैं। इसके बाद, 570 से 245 मिलियन वर्ष पूर्व तक भारत में पुरापाषाण काल था जब बड़े कोयला निक्षेपों का निर्धारण किया गया था। भारतीय क्रेटन एक समय में पेंजिया के सुपर कौन्टीनेन्ट का भाग था जिसकी रचना लगभग 335 मिलियन वर्ष पूर्व में विद्यमान भू–आकार (क्रेटन) में से हुई थी। सुपर कौन्टीनेंटों की रचना और उनका विघटन पृथ्वी



के एक चक्रीय काल का इतिहास प्रतीत होता है। रिफ्टिंग के कारण पेंजिया टूट कर गोंडवाना (दक्षिण की ओर) और लौरासिया (उत्तर की ओर) नामक दो सुपर कंटीनेंट अलग–अलग हो गए। भारतीय क्रेटन तब तक गोंडवाना से जुड़ा रहा जब तक लगभग 125 मिलियन वर्ष पूर्व सुपरकंटीनेंट अलग होना शुरू हुआ। गोंडवाना के इस विखण्डन ने मडगास्कर–अंटार्टिका–भारत भूभाग को अफ्रीका–दक्षिण अमरीका भूभाग से अलग कर दिया। आस्ट्रेलिया लगभग 100 मिलियन वर्ष पूर्व तक भारत और अंटार्टिका से जुड़ा रहा जब भारत अलग हो गया और उत्तर की ओर बढ़ने लगा। भारतीय प्लेट उत्तर की तरफ बढ़ती रही और लगभग 50 मिलियन वर्ष पूर्व यूरेशिया प्लेट से टकरा गई। आस्ट्रेलिया तथा अंटार्टिका लगभग 45 मिलियन वर्ष पूर्व पूरी तरह अलग हो गए।

पश्चिम आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के कुछ भागों का एक लंबी अवधि तक भारत के भागों के साथ एक समान भू–संरचनात्मक इतिहास है और इनमें खनिज क्षेत्रों में कुछ समानता की संभावना हो सकती है। पश्चिम आस्ट्रेलिया तथा दक्षिण अफ्रीका की प्रमाणित खनिज संभाव्यता को देखते हुए तथा भारत की ज्ञात संरचनाओं के साथ उनकी खनिज प्राप्ति स्थलों के बीच पर्याप्त संबंध से यह आमतौर पर स्वीकार किया जाता है कि भारत के कुछ भागों में अनेक प्रकार के खनिज निक्षेप प्रकट होने की संभावना है जिनमें से अधिकांश की अभी खोज की जानी है।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत

जैसा कि स्पष्ट है कि भारत में अनेक खनिजों की उच्च भू–वैज्ञानिक संभावनाएं हैं। अधिकांश खनिजों का सतह पर या सतह के निकट नीचे पिछले 50 और अधिक वर्षों में पता लगाया गया है तथा सतह के नीचे छिपे हुए खनिज निक्षेपों के बारे में गहन खोज की आवश्यकता है। इसका अभिप्राय नवीनतम प्रौद्योगिकियों के माध्यम से एक सतत आधार पर खनिज गवेषण किया जाना है। उन्नत खनन देशों में ऐतिहासिक साक्ष्यों से विदित है कि व्यापक रूप से खपत होने वाले खनिजों जैसे लौह अयस्क, चूना पत्थर को गवेषण करके खनन के माध्यम से खपत किए गए संसाधनों के स्टाक की प्रतिपूर्ति की जाती है जिसका एक उदाहरण आस्ट्रेलिया है जिसके लौह अयस्क के भंडारों में अधिक गवेषण तथा सज्जीकरण की एक प्रक्रिया के माध्यम से 40 वर्षों में 100 गुणा वृद्धि हो गई है, जैसा कि होडा समिति की रिपोर्ट 2006 में दर्शाया गया है।

खान मंत्रालय के 2011 में प्रकाशित कार्यनीति पत्र ''अनलॉकिंग दि पोटेंशियल ऑफ इंडियन मिनरल्स सेक्टर'' में वैश्विक खनन क्षेत्र में भारत की सापेक्ष निम्न स्थिति का उल्लेख किया गया है। इस पत्र में कटु शब्दों में उल्लेख किया गया है :

[1] इस परिचर्चा पत्र में प्रयुक्त प्रमुख तकनीकी शब्दों की शब्दावली परिशिष्ट में दिया गया है।

''जैसा कि पूरी दुनिया में खनन क्षेत्र में वृद्धि हो रही है, भारतीय खनन क्षेत्र पिछड़ रहा है क्योंकि पिछले दशक में जी.डी.पी. में उसका योगदान केवल 1.2 प्रतिशत रहा (प्रमुख खनन अर्थव्यवस्थाओं में 5 से 6 प्रतिशत की तुलना में) तथा प्रति कि.मी. गवेषण खर्च बहुत ही कम है (9 अमरीकी डालर (400 रु.) जबकि आस्ट्रेलिया का 124 अमरीकी डालर (5,500 रु.) तथा कनाडा का 118 अमरीकी डालर (5,310 रु0)) है।

''भारत ने खनन क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए प्रगतिशील अनेक नीतिगत उपाय आरंभ किए हैं। भारत खनन क्षेत्र की संभावनाओं का विदोहन करके लगभग 210 बिलियन अमरीकी डालर से 250 मिलियन अमरीकी डालर (रु. 945 से 1,125 हजार करोड़) अथवा जीडीपी में 6 से 7 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है और 2025 तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान के द्वारा 13 से 15 मिलियन रोजगार पैदा कर सकता है।

इस उपलब्धि के लिए, छः मुख्य प्राथमिकताओं पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है, जिनमें गवेषण एवं अंतर्राष्ट्रीय अधिग्रहण के माध्यम से संसाधन तथा रिजर्व आधार में वृद्धि करना; परमिट संबंधी विलम्ब में कमी करना; मूल सहायक व्यवस्थाएं स्थापित करना (अवसंरचना, जनशक्ति, प्रौद्योगिकी); खनन स्थल के आसपास सतत खनन एवं सतत विकास सुनिश्चित करना; सूचना, शिक्षा और संचार की रणनीति तैयार करना तथा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना'' शामिल हैं ।''

बिना दोहन वाले विशाल संसाधनों को देखते हुए अवसंरचना, पूंजीगत माल तथा प्राथमिक उद्योगों में आंतरिक उपयोग हेतु स्वदेश में उपलब्ध खनिजों के विकास की दिशा में, पहला कदम सर्वेक्षण और गवेषण है। दुनिया में विशाल खनन आधार अथवा संसाधनों से समृद्ध राष्ट्रों ने गवेषण के लिए पर्याप्त धन (सरकारी अथवा निजी) के प्रावधान किए हैं किंतु भारत का गवेषण बजट अभी भी सीमित है। यह भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि यद्यपि गवेषण में अनेक देशों में, विशेष रूप से, एक सुधार प्रक्रिया के बाद गवेषण निवेश में वृद्धि हो रही है, तथापि, भारतीय उप–महाद्वीप में ऐसी कोई प्रवृत्ति नहीं दिखाई देती है। वर्ष 2016 में एस एंड पी ग्लोबल मार्किट इंटेलिजेंस द्वारा ग्लोबल कंपनीज के कारपोरेट एक्सप्लोरेशन स्ट्रेटैजीज (सीईएस) के एक अध्ययन से पता चलता है कि 2016 में सबसे अधिक अलौह खनिज गवेषण बजट वाली 20 कंपनियों का लगभग 7 बिलियन अमरीकी डालर के गवेषण बजट का 31 प्रतिशत बैठता है। इस रिपोर्ट में यह भी दर्शाया गया है कि टॉप 10 कंपनियों का बजट प्रत्येक 5 डालर में 1 डालर बैठता है जो वैश्विक रूप से गवेषण पर खर्च किया जा रहा था। तांबा, सोना तथा हीरा के लिए टॉप 10 कंपनियों के कुल गवेषण बजट का 88 प्रतिशत बैठता है।

अंतर्राष्ट्रीय गवेषण बजट खनन स्थलों की आकर्षकता के आधार पर आवंटित किए जाते हैं। 2016 के फ्रेजर इंस्टीट्यूट एनुअल सर्वे आफ माइनिंग कंपनीज के अनुसार एशिया दुनिया में सबसे कम आकर्षक नीतिगत वातावरण वाला क्षेत्र है। फ्रेजर एनुअल सर्वे दुनिया भर में देशों का सर्वेक्षण उनकी निवेश आकर्षकता एवं नीतिगत वातावरण का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है। इस सर्वे में खनिज प्रशासन, नियमों का प्रवर्तन, पर्यावरण नियमों, कानूनी और कराधान व्यवस्था, भूमि, अवसंरचना, सामाजिक–आर्थिक मुद्दों, राजनीतिक तथा सुरक्षा समस्याओं, व्यापार मुद्दों आदि जैसे विभिन्न नीतिगत विषयों का आकलन किया जाता है। भारत को नीतिगत संभावना सूचकांक में 88, उच्च परम्परा संभाव्यता सूचकांक में 94 तथा निवेश आकर्षकता सूचकांक वाले 104 स्थानों में से 97वां स्थान दिया गया है जो एक मिला–जुला सूचकांक है जिसमें नीतिगत संभावना सूचकांक और उत्तम पद्धति खनिज संभाव्यता सूचकांक[2] दोनों के परिणामों को मिलाया जाता है।

निम्नलिखित तालिका में एस एंड पी ग्लोब मार्किट इंटेलिजेंस डाटा के अनुसार पूरे विश्व में गवेषण वर्तमान तुलनात्मक गवेषण आवंटनों की समीक्षा दर्शाई गई है। पहली तालिका में खनिजों के लिए देशों की क्षमता और साथ ही निवेश आमंत्रित करने के लिए देशों के खनिज कानूनों की आकर्षकता दोनों दर्शाई गई है। यद्यपि कनाडा और आस्ट्रेलिया लंबे समय से गवेषण के क्षेत्र में अग्रणी बने हुए हैं तथापि, गवेषण के बाजारों के रूप में लैटिन अमरीकी देशों का उभरना सन् 2000 के बाद के सुधारों से सीधा संबंध है क्योंकि उन्होंने गवेषण को बढ़ाने के लिए रियायतों के अनुदान को आसान बनाकर और अपने खनिज कानूनों में स्थायित्व और पूर्वानुमानता के द्वारा जिससे निवेश पर उच्च लाभ मिल रहे हैं।

---

[2] 2016 के लिए निवेश आकर्षकता सूचकांक पर आधारित निवेश वाला दुनिया में प्रथम क्षेत्र सस्काटचेवन (कनाडा) है और मनीतोबा (कनाडा) पिछले वर्ष में 19वें रैंक के बाद इस वर्ष दूसरे स्थान पर आ गया है। पश्चिमी आस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर था और अन्य नेवादा (यू.एस.ए.) फिनलैंड, क्यूबेक (कनाडा), एरिजोना (यू.एस.ए.) स्वीडन, आयरलैंड गणराज्य और क्वीन्सलैंड (आस्ट्रेलिया) थे। जुजुए अर्जेंटाईन प्रांत का निवेश के लिए दुनिया में सबसे कम आकर्षक क्षेत्र का स्थान दिया गया था। साथ ही, सबसे नीचे 10 क्षेत्रों में 4 दूसरे अर्जेंटाइनन प्रांत और साथ ही वेनेजुएला, अफगानिस्तान, भारत, जिम्बाबवे और मोजाम्बिक आते हैं।

भारत में, गवेषण पर अधिकांश वर्तमान व्यय कोयले, लौह अयस्क और सतही धातुओं पर हो रहा है। इसके विपरीत, वैश्विक गवेषण व्यय का सबसे बड़ा अनुपात स्वर्ण आधार धातुएं (जैसे तांबा, सीसा और जस्ता) और हीरे पर होती हैं जैसा दूसरी तालिका में दिया गया है। उच्च व्यय इसलिए होता है क्योंकि इन खनिजों का पता लगाने में कठिनाई होती है और ये खनिज प्रायः जमीन की सतह के नीचे मिलते हैं। परिशिष्ट–2 में ऐसे खनिज निक्षेपों की संरचना की प्रक्रिया के कुछ तकनीकी ब्यौरे दिए गए हैं।

भारत की भू–वैज्ञानिक बनावट को देखते हुए यहां सभी तीन प्रकार के खनिजों (स्वर्ण, आधार धातु तथा हीरा) की अत्यधिक संभावनाएं हैं और इसलिए, वैश्विक गवेषण निवेश का निम्न अनुपात जो भारत में आ रहा है, इसके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि यह निम्न भू–वैज्ञानिक संभाव्यता के कारण है अथवा निम्न खनिज गवेषण के कारण है।

वैश्विक गवेषण बजट 2017 में देश का भाग

देश	वैश्विक गवेषण बजट में प्रतिशत भाग	देश	वैश्विक गवेषण बजट में प्रतिशत भाग
कनाडा	14%	वेस्ट अफ्रीका	5%
आस्ट्रेलिया	13%	ईस्ट अफ्रीका	2%
यूनाईटेड स्टेट्स (अमरीका)	7%	डीआर कांगो	2%
मैक्सिको	6%	साऊथ अफ्रीका	4%
पेरू	6%	रूस	5%
चिली	6%	चीन	6%
लैटिन अमरीका (अन्य)	6%	पैसिफिक/साऊथ ईस्ट एशिया	5%
ब्राज़िल	4%	पूर्व सोवियत संघ	1%
यूरोप	5%	अन्य (भारत सहित)	3%

स्रोत : वैश्विक खनन गवेषण प्रवृतियां 2017, एस एंड पी मार्किट इंटेलिजेंस डाटा

सामग्री–वार व्यय गवेषण व्यय

(यू.एस. डालर बिलियन में)

वर्ष	स्वर्ण	आधार धातुएं (तांबा, निकिल, सीसा/जस्ता)	हीरा	पीजीएम (प्लेटिनम समूह की धातुएं)	अन्य खनिज	कुल
2012	9.65 (47%)	6.57 (32%)	0.62 (3%)	0.31 (1.5%)	3.39 (16.5%)	20.53 (100%)
2013	6.64 (46%)	4.76 (33%)	0.58 (4%)	0.14 (1%)	2.31 (16%)	14.43 (100%)
2014	4.62 (43%)	3.76 (35%)	0.54 (5%)	0.21 (2%)	1.61 (15%)	10.74 (100%)
2015	4.14 (45%)	3.13 (34%)	0.46 (5%)	0.14 (1.5%)	1.33 (14.5%)	9.20 (100%)
2016	3.48 (50%)	2.16 (31%)	0.28 (4%)	0.070 (1%)	0.98 (14%)	6.97 (100%)
2017	4.05 (51%)	2.38 (30%)	0.25 (3%)	0.080 (1%)	1.19 (15%)	7.95 (100%)

स्रोत : एसएंडपी ग्लोबल मार्किट इंटेलिजेंस (2012–17 के लिए)



भारत में खनिज विकास की व्यापक कार्यनीति के भाग के रूप में गवेषण

गवेषण वास्तव में खनिज विकास की प्रेरक शक्ति है। गवेषण वह धोड़ा है जो खनन के रथ को खींचता है। यद्यपि प्राचीन काल में खनिज अधिकांशतः आकस्मिक रूप में पाए जाते थे, आधुनिक खनन अधिकांशतः भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और भू–वैज्ञानिक साधनों का उपयोग करके अनेक वैज्ञानिक टीमों द्वारा वैज्ञानिक गवेषण के परिणाम हैं।

भारत में खनिज नीति तथा कानूनों का विकास

खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) ऐसे समय में लागू हुआ था जब सार्वजनिक क्षेत्र अर्थव्यवस्था के शीर्ष स्तर पर था। राष्ट्रीय खनिज नीति 1993 खनिज क्षेत्र की पहली नीति थी जो आर्थिक उदारीकरण के तत्काल पश्चात् लाई गई थी। इसमें गवेषण और खनन में निजी निवेश को आकर्षित करने तथा संबंधित कानूनी परिवर्तन की अपेक्षा की गई थी जिसके परिणामस्वरूप एमएमडीआर अधिनियम में व्यापक रूप से संशोधन किए गए। किंतु सामान्य रूप से निवेश और विशेष रूप से, एफडीआई आशाओं से कम रही और परिणामस्वरूप खनिज क्षेत्र में सुधार लाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया (जिसे होडा समिति के नाम से भी जाना जाता है)। होडा समिति की सिफारिशों के फलस्वरूप, राष्ट्रीय खनिज नीति 2008 बनाई गई। होडा समिति की सिफारिशों पर आधारित खनिज नीति 2008 का प्रमुख बल इन बातों पर था :

- निजी क्षेत्र टोही सर्वेक्षण और गवेषण में निवेश का प्रमुख स्रोत होना चाहिए। अधिक गवेषणकर्त्ताओं को आकर्षित करने के लिए टोही सर्वेक्षण गैर–समावेशी होना चाहिए।
- गवेषण एवं खनन को रियायतों की पूरी मान्यता देकर स्वतंत्र कार्यकलाप माना जाएगा।

1. रियायत अनुदान प्रणाली को टोही परमिट (आर.पी.) से पूर्वेक्षण लाइसेंस (पी.एल.) से खनन पट्टे (एमएल) में अवधि की सुरक्षा के साथ एक समयबद्ध पद्धति में पहले आओ पहले पाओ (first-in-time) के आधार पर अंतरित करने के प्रयोजन के लिए बाधा रहित बनाया जाना चाहिए।

- गहराई में स्थित निक्षेपों (आधार धातु आदि) की खोज के लिए उच्च प्रौद्योगिकी के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित करने हेतु व्यापक क्षेत्र पूर्वेक्षण लाइसेंस (एल.ए.पी.एल.) नामक एक नई व्यवस्था आरंभ की जानी चाहिए जिसमें रियायतधारी रियायत की समाप्ति के समय, क्रमिक रूप से रियायत अवधि में उस क्षेत्र को छोड़ने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार शेष आच्छादित क्षेत्र पर एक एम.एल. प्राप्त कर सके।
- होडा समिति ने यह भी सिफारिश की कि ''थोक प्रकार'' (Bulk nature) के खनिजों जैसे लौह अयस्क, चूना–पत्थर, बॉक्साइट आदि के लिए जो सतह के नजदीक अपेक्षाकृत व्यापक क्षेत्र पर फैले होते हैं, यदि वह निक्षेप पूरी तरह पूर्वोक्षित हो (आमतौर पर सरकारी खर्च से अथवा जहां पट्टाधारी गवेषण करने के बाद छोड़ देता है अथवा पट्टा रद्द किया जाता है) उस निक्षेप की नीलामी की जा सकती है। अन्य मामलों में, 'सबसे पहले' प्रणाली के आधार पर निजी क्षेत्र आर.पी. (पी.एल. आदि के लिए, जैसा भी मामला हो, आवेदन कर सकेगा)।

- इसके आधार पर, उपर्युक्त विशेषताओं और साथ ही निम्नलिखित प्रावधानों के लिए संसद में एक नया एमएमडीआर विधेयक 2011 प्रस्तुत किया गया :–
- पूर्ण अंतरणीयता के साथ बाधा रहित अंतरण
- गहराई में स्थित खनिजों के लिए व्यापक क्षेत्र पूर्वेक्षण हेतु नई रियायत
- पूर्ण पूर्वेक्षित निक्षेपों की नीलामी
- राष्ट्रीय, राज्य तथा जिला खनिज निधियां आरंभ करना
- राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खनन विनियामक प्राधिकरण एवं ट्रिब्यूनल आदि की स्थापना

2. तथापि, यह विधेयक मई 2014 में लोकसभा का विखण्डन होने पर कालबधित (lapsed) हो गया ।

गवेषण हेतु विधायी ढांचे में हाल में हुए परिवर्तन

2015 में, इस आशय के साथ खान और खनिज (विकास और विनियमन अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) को संशोधित किया गया (और उसके अधीन बने नियमों को अधिसूचित किया गया) कि आवंटन प्रक्रिया में विवेकाधिकार समाप्त किया जाए और अधिक पारदर्शिता लाई जाए। खनिज रियायतों के अनुदान के संबंध में निम्नलिखित प्रमुख परिवर्तन किए गए :

- कैप्टिव प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त विद्यमान खान के पट्टे 2030 अथवा पट्टा वैधता के अंत तक अथवा मूल पट्टे के आरंभ से 50 वर्ष तक, जो भी बाद में हो, तथा खान को उस अवधि के अंत में, नीलामी के लिए रखा जाएगा। गैर–कैप्टिव खानों की समाप्ति की तारीख 2020 है न कि 2030 (उन खानों की संख्या का विवरण–जिनके 2020 में समाप्त होने की संभावना है अनुबंध–1 में उपलब्ध है)।
- नई खनिज रियायतें पूर्वेक्षण चरण के लिए अथवा खनन चरण के लिए केवल बोली के द्वारा (सर्वेक्षण तथा गवेषणा के आंकड़ों के आधार पर) (क्रमशः अधिनियम 10 बी (2) तथा 11 (2)) अनुदत्त की जाएंगी। खनन (नीलामी) नियम 2015 को एमएमडीआर अधिनियम के अधीन अधिसूचित किया गया है जिसमें नीलामी कार्यविधि को स्पष्ट किया गया है।
- 'पहले आओ पहले पाओ' आधार पर टोही सर्वेक्षण परमिट अनुदान करने की पूर्व कार्यविधि के स्थान पर गैर–विशिष्ट टोही सर्वेक्षण परमिट प्रणाली (एनईआरपी) आरंभ की गई है (धारा 10–सी एमएमडीआर अधिनियम) किंतु इसमें आगे जाकर खनिजीकरण के साक्ष्य के आधार पर पूर्वेक्षण अथवा खनन रियायत प्राप्त करने का अधिकार नहीं है। इस अधिनियम के अधीन जारी खनिज (एनईआरपी) नियम 2015 में यह कार्यविधि दर्शाई गई है। धारा 10–सी जिसमें परमिट के अनुदान का प्रावधान है, उसमें भी यह उल्लेख किया गया है कि किसी एनईआरपी धारक को उसके टोही सर्वेक्षण के आधार पर किसी पूर्वेक्षण लाइसेंस अथवा खनन पट्टे के लिए दावा करने का अधिकार नहीं होगा। इसका आशय यह है कि एनईआरपी में प्राप्त आंकड़ों को सरकारी एजेंसियों द्वारा आगे गवेषण करने हेतु प्रयोग में लाया जाएगा ताकि खनिजिकरण का पता लगने पर उसकी नीलामी की जा सके। एनईआरपी नियम 2015 के नियम 4 (1) में उल्लेख किया गया है कि एनईआरपी धारक अपने आंकड़ें प्रस्तुत कर सकता है तथा सरकार से कह सकता है कि वह प्राप्त खनिज की नीलामी की मांग कर सकता है।
- धारा 8 ए (2) अब यह अधिदेश देती है कि खनन पट्टा एक 50 वर्षीय गैर–नवीकरणीय पट्टा होगा और पट्टा अवधि समाप्त होने पर, यदि वहां खनन योग्य भंडार हों तो, खान की पुनः नीलामी की जाएगी।
- खनिज नीलामी नियम, 2015 के अधीन पात्रता शर्तों में किसी प्रथम चरण बोलीदाता (भारत में निगमित कंपनी) के पास अनुमानित संसाधनों के मूल्य का (खनन पट्टा स्तर बोली के मामले में) 4 प्रतिशत (पूर्वेक्षण स्तर बोली के मामले में 1 प्रतिशत) के बराबर निवल राशि होनी अपेक्षित है।

3. एमएमडीआर अधिनियम, 2015 में किए गए संशोधनों में अधिनियम की धारा 9सी के अधीन राष्ट्रीय खनिज गवेषण न्यास (एनएमईटी) की स्थापना का प्रावधान है। इस ट्रस्ट में रॉयल्टी पर 2% उपकर द्वारा धन जमा किया जाता है।

राष्ट्रीय खनिज गवेषण नीति (एनएमईपी) 2016

सरकार 2016 में एक राष्ट्रीय खनिज गवेषण नीति (एनएमईपी) लाई है ताकि गवेषण प्रयासों में और अधिक तेजी लाई जा सके । इस नीति का उद्देश्य है :

- निजी एजेंसियों को हस्तांतरणीय अधिकारों के साथ पूरी पट्टा अवधि के दौरान राज्य सरकारों को मिलने वाले राजस्व के रूप में कुछ हिस्सेदारी के अधिकार के साथ (रॉयल्टी/प्रीमियम के एक निश्चित प्रतिशत के माध्यम से) अभिज्ञात ब्लॉकों/क्षेत्रों में गवेषण कार्य करने की अनुमति देना। नीति में कहा गया है कि यह प्रतिशतता/राशि सफल बोलीदाता द्वारा संबंधित गवेषण एजेंसियों को अदा की जाएगी और इसका निर्धारण उस समय किया जाएगा जब खनिज ब्लॉक सफल गवेषण के आधार पर ई–नीलामी के लिए रखे जाएंगे ;
- इन गवेषण एजेंसियों को तब ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी जब गवेषण के आधार पर प्राप्त उनके खनिज ब्लॉकों को नीलामी के लिए रखा जाएगा; तथा
- विभिन्न प्रकार के खनिजों के लिए गवेषण की मानक लागत निकाली जाएगी ताकि गवेषण एजेंसियों को उनके संबंधित क्षेत्रों में किसी खनन–योग्य भंडार न मिलने की दशा में क्षतिपूर्ति की जाएगी।

राष्ट्रीय खनिज नीति 2019

सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय खनिज नीति, 2019 जारी की है। इसकी निम्नलिखित विशेषताएं इसे 2008 की नीति से अलग करती हैं :

- खनिज उत्पादन को केंद्रीय सरकार की ''मेक इन इंडिया'' पहल में उपयोग किया जाना चाहिए।
- राज्यों को खनिज ब्लॉकों की नीलामी पर्यावरण एवं वन स्वीकृतियां लेने के पश्चात् करनी चाहिए।
- पैरा शीर्षक ''सर्वेक्षण एवं गवेषण'' के स्थान पर ''पूर्वेक्षण एवं गवेषण'' शब्द रखा गया है।

- निजी क्षेत्र को गवेषण में निवेश का प्रमुख स्रोत बनाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि नीति में केवल यह कहा गया है कि गवेषण करने के लिए निजी क्षेत्र को ''प्रोत्साहित किया जाना चाहिए''।
- गवेषण को नीलामी के समय प्रथम अस्वीकृति के अधिकार के माध्यम से नीलामी पद्धति के दायरे के अंतर्गत निजी निवेश और साथ ही अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रावधान है।
- नीति में राजस्व शेयरिंग आधार अथवा अंतर्राष्ट्रीय पद्धति के अनुसार किसी समुचित प्रोत्साहन के द्वारा अनछुए क्षेत्रों में टोही सर्वेक्षण परमिट से पूर्वेक्षण लाइसेंस से खनन पट्टे अथवा कंपोजिट टोही सर्वेक्षण परमिट एवं पूर्वेक्षण लाइसेंस एवं खनन पट्टे की नीलामी से बाधा–रहित अंतरण की बात भी कही गई है ।
- नीति में यह कहते हुए ''अंतर–परम्परागत साम्यता'' की अवधारणा परिकल्पित की गई है :
- ''प्रत्येक खनिज के संबंध में अंतर–परम्परागत साम्यता आकलन भंडारों/संसाधनों जैसे पहलुओं पर अलग–अलग दृष्टिकोण से विचार करके किया जाएगा.....'' (नीति का पैरा 10)

खण्ड 2 : मुद्दे

खनन एवं गवेषण में पारदर्शिता

एमएमडीआर अधिनियम में 2015 में किए गए संशोधन मुख्यतः इस इच्छा से प्रेरित थे कि रियायतों के आवंटन में अनावश्यक विवेकाधिकार तथा मनमानी को कम किया जाए जो भ्रष्टाचार का एक संभावित स्रोत है और निजी पार्टियों के पक्ष में सार्वजनिक संसाधन को अंतरित करते समय राजस्व अर्जित किया जा सके। 2015 के संशोधन में मुख्य बल स्वतंत्र और पारदर्शी मूल्य प्राप्ति हेतु खनिज निक्षेपों की नीलामी करने पर था। ऐसा करके, कानून ने गवेषण एवं खनन के बीच के परम्परागत संपर्क समाप्त कर दिया जो निजी क्षेत्र निवेश को प्रोत्साहित तथा नियंत्रित करता है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर पद्धति है। चूंकि गवेषण एक उच्च जोखिम वाला उद्यम है, जहां रॉयल्टी का भुगतान करके खनन पट्टे के अनुदान की उच्च पुरस्कार प्रणाली के माध्यम से गवेषण व्यय की प्रतिपूर्ति की जा रही थी। अनुदान की सामान्य प्रक्रिया "प्राथमिकता के "मानदंड पर आधारित थी (चूंकि अधिकांश मामलों में खनिजों के लिए गवेषण अज्ञात संभावना वाला क्षेत्र होता था)। खान की नीलामी करके कानून ने निजी क्षेत्र के लिए नए गवेषण में भारी निवेश करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं रखा है।

भारतीय खान ब्यूरो ने अपनी इंडियन मिनरल्स ईयर बुक 2018 में (भाग 1 : सामान्य समीक्षा) "टोही सर्वेक्षण परमिटों, पूर्वेक्षण लाइसेंसों और खनन पट्टों की स्थिति" में 2015–18 की अवधि के दौरान गवेषण एवं पूर्वेक्षण के लिए निम्नलिखित का उल्लेख किया है :

2015–16 से 2017–18 में अनुदत्त पूर्वेक्षण लाइसेंस

राज्य	2015–16		2016–17*		2017–18**	
	सं.	क्षेत्र (हेक्ट.)	सं.	क्षेत्र (हेक्ट.)	सं.	क्षेत्र (हेक्ट.)
भारत	5	2869.04	.	-	-	-
आंध्र प्रदेश	1	900.00	.	-	-	-
छत्तीसगढ़	1	1548.00	.	-	-	-
उड़ीसा	3	421.04	.	-	-	-

* स्रोत : खनन पट्टे एवं पूर्वेक्षण लाइसेंस, 2017 का बुलेटिन

* स्रोत : विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त आंकड़े (बीएमआई अप्रैल–सितंबर, 2017 और बीएमआई अक्तूबर 2017–मार्च 2018 के संकलित आंकड़े)

टोही सर्वेक्षण परमिट/कम्पोज़िट (पी.एल. एवं एम.एल.) लाइसेंस[4]

आर.पी./एन.ई.आर.पी.			पी.एल. एवं एम.एल.		
2015–16	2016–17	2017–18	2015–16	2016–17	2017–18
2015–16 के दौरान टोही सर्वेक्षण परमिटों/गैर विशिष्ट टोही सर्वेक्षण परमिटों के अनुमोदित/अनुदत्त किए जाने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।	2016–17 के दौरान टोही सर्वेक्षण परमिटों/गैर विशिष्ट टोही सर्वेक्षण परमिटों के अनुमोदित/अनुदत्त किए जाने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।	अप्रैल 2017 से मार्च 2018 की अवधि के दौरान टोही सर्वेक्षण परमिटों/गैर विशिष्ट टोही सर्वेक्षण परमिटों के अनुमोदित/अनुदत्त किए जाने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।	2015–16 के दौरान "पूर्वेक्षण लाइसेंस–एवं–खनन पट्टे" अथवा कम्पोजिट लाइसेंसों के अनुमोदित/अनुदत्त किए जाने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।	2016–17 के दौरान "पूर्वेक्षण लाइसेंस–एवं–खनन पट्टे" अथवा कम्पोजिट लाइसेंसों के अनुमोदित/अनुदत्त किए जाने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।	अप्रैल 2017 से मार्च 2018 की अवधि के दौरान "पूर्वेक्षण लाइसेंस–एवं–खनन पट्टे" अथवा कम्पोजिट लाइसेंसों के अनुमोदित/अनुदत्त किए जाने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

[3] प्राथमिकता (एफआईटी) को पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) भी कहा जाता है। विभिन्न खनिज समृद्ध देशों में अनुदान प्रक्रिया अनुबंध–3 में दी गई है।

[4] इंडियन मिनरल्स ईयर बुक 2016, 2017 तथा 2018 के पृष्ठ 3–2 तथा 3–3 से संकलित।

यह दिलचस्प बात है कि गवेषण और खनन के बीच संबंध को न्यायालयों द्वारा अच्छी प्रकार समझा गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तुत एक संदर्भ में दिनांक 27 सितंबर 2012 को (भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के अधीन 2012 के विशेष संदर्भ सं. 1 में) अपनी राय में उल्लेख किया है कि प्राकृतिक संसाधनों का निष्कर्षण करने हेतु लोक विश्वास के निर्वहन का नीलामी ही एक–मात्र मार्ग नहीं है। जैसाकि न्यायालय ने उल्लेख किया है:

> *"इसलिए, निष्कर्ष के रूप में यह कथन कि अनुच्छेद 14 का अधिदेश वाणिज्यिक उपयोग के लिए किसी प्राकृतिक संसाधन का राजस्व बढ़ाने के लिए निष्कर्षण अवश्य किया जाए, और इसलिए, नीलामी के माध्यम से किया जाए यह न तो कानून की दृष्टि पर और न औचित्य की दृष्टि पर आधारित है .....कानूनी औचित्य के अलावा, अनिवार्य नीलामी आर्थिक औचित्य के विपरीत भी होगी। अलग–अलग संसाधनों के लिए अलग–अलग प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है। आमतौर पर, प्राकृतिक संसाधनों की खोज में भारी पूंजी की आवश्यकता के कारण गवेषण और विदोहन की संविदाओं को एक साथ वितरित किया जाता है। इस प्रकार के गवेषण आरंभ करने में जोखिम होगा और भारी लागत लगेगी। यदि यह आश्वासन न हो कि प्राप्त संसाधनों का उपयोग निश्चित है और उस संसाधन के लिए उसे खुली नीलामी में भाग लेना होगा; एक विवेकपूर्ण व्यापारी गवेषण कार्यकलापों में ऊंची लागत खर्च नहीं करना चाहेगा।"*

उच्चतम न्यायालय द्वारा जैसा कि पूर्वानुमान लगाया गया है, जैसा कि ऊपर के उद्धरण से स्पष्ट है, नीलामी करने से गवेषण निवेश की संभावना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यद्यपि, यह तर्क दिया जा सकता है कि नीलामियों से स्वतंत्र तथा पारदर्शी मूल्य प्राप्ति में सहायता मिलेगी, सच यह है कि जब तक गवेषण संबंधी आंकड़ों की प्रकाशन प्रक्रिया पारदर्शी एवं विश्वसनीय नहीं बनती है, नीलामी के प्रयोजन वाला मूल्यांकन हमेशा व्यक्तिपरक तथा त्रुटि–पूर्ण वाला ही होगा।

नीलामियां अभी भी व्यक्तिपरक एवं गैर–पारदर्शी हो सकती हैं

एमएमडीआर अधिनियम के अधीन (2015 संशोधन के माध्यम से) खनिज संसाधनों की नीलामी की वर्तमान प्रणाली खनन पट्टों के लिए जी 2–लेवल आंकड़ों तथा कंपोजिट लाइसेंस के लिए जी–3 लेवल पर आधारित है (जो यूएनएफसी वर्गीकरण के अनुसार क्रमशः (332) तथा (333) है)। उसमें अनुमानों की अनिश्चितता की अनेक समस्याएं हैं। एनएमईपी के पैराग्राफ 15.1 में किए गए उल्लेख के अनुसार उद्देश्य यह है कि जी 3 अथवा जी 2 लेवल तक गवेषण करने हेतु एनएमईटी के माध्यम से राज्य सरकारों द्वारा धन देकर नीलामी–योग्य निक्षेपों की एक सतत प्रणाली तैयार की जाए। वास्तव में, 332 और 333–स्तर गवेषण आर्थिक रूप से खनन–योग्य अथवा संभावित आर्थिक रूप से खनन–योग्य भंडार की मात्रा का निर्धारण करना काफी नहीं है और सभी उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विशेषज्ञों की राय को नीलामी के प्रयोजनों के वास्ते मूल्यांकन करने के लिए अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें अनुमान एवं पूर्वानुमान शामिल है। ऐसी परिस्थितियों में एक व्यवहार्यता रिपोर्ट अति आवश्यक है और समान व्यवहार के हित में, खनन पट्टों की नीलामी में लागू किए गए मानक एमएमडीआर अधिनियम में गैर–नीलामी (परम्परागत मामलों) के अधीन पूर्वेक्षण से खनन में अंतरण की अपेक्षा के प्रावधानों से कम नहीं होने चाहिए।

अतः खनिज संसाधनों की रिपोर्टिंग की वर्तमान यू.एन.एफ.सी. प्रणाली की बजाए अधिक कारगर प्रणाली अपनाए जाने की आवश्यकता है। संयुक्त अयस्क भंडार समिति (जे.ओ.आर.सी.) कोड जैसी प्रणालियां हैं जिनके लिए गवेषण परिणामों के नियमित आवधिक रिपोर्टिंग की आवश्यकता होती है तथा व्यवहार्यता पर आधारित मूल्यांकन के अनुमानों के लिए विश्वसनीय तृतीय पक्षों से रिपोर्ट लेनी होती है।

खनिज नीलामी बाजार को अस्त–व्यस्त कर सकती है

संशोधित एमएमडीआर अधिनियम में "कैप्टिव" तथा "गैर–कैप्टिव" खनन की विभाजनयुक्त अवधारणा आरंभ की गई है। यह कोयला क्षेत्र की एक परंपरा है, जो कोयला खानों के राष्ट्रीयकरण के कारण अभी भी प्रचलित है। अनेक राज्य धातु निर्माता कंपनियों की सहायता करने के लिए कैप्टिव प्रयोजनों हेतु खानों की नीलामी को प्राथमिकता दे सकते हैं किंतु हाल में अपनाए गए इस विभाजन से बाजार शक्तियों पर आधारित मांग–पूर्ति की कार्य प्रणाली में दखल आएगा और उससे संसाधनों का कम–अनुकूलतम उपयोग होगा क्योंकि तथाकथित "कैप्टिव" खानों को आमतौर पर निम्न ग्रेड अयस्कों (जो उनकी अपनी धातु निर्माण इकाईयों में उपयोग योग्य नहीं हैं) उन्हें बाजार में मूल्य–वर्द्धित मध्यवर्ती उत्पादों को बेचने से प्रतिबंधित किया जाता है।

4. किंतु सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बाजार का इस विभाजन और संसाधन की कमी की एक अवधारणा पैदा करके "कैप्टिव" खानों की नीलामी से धातु निर्माताओं द्वारा अनुचित रूप से ऊंची नीलामी बोलियां लगाई जाएंगी (फंसी हुई परिसंपत्तियों के भय से) जिसमें यह भी पूरी संभावना है कि अस्थिरता के रहते हुए बाजार में "विजेता को नुकसान" (Winners curse) हो।

किसी विशिष्ट धातु उत्पादक के साथ खान को सीधे जोड़ने की आवश्यकता मनगढ़ंत प्रतीत होती है क्योंकि सामान्यतः अधिकांश खनिजों का उपयोग केवल धातुओं के निर्माण में किया जा सकता है (अथवा मुख्य घटक के लिए)। यदि इसकी मंशा यह सुनिश्चित करना है कि खनिजों का उपयोग सीधे निर्यात की बजाए विनिर्माण तथा अवसंरचना के लिए धातुओं का उत्पादन करके राष्ट्रीय विकास के लिए किया जाए तो 'कैप्टिव खनन' की अवधारणा के बजाए निर्यातों पर स्पष्ट प्रतिबंध लगाना बेहतर विकल्प होगा। कैप्टिव खानें किसी धातु निर्माता को संसाधन सुरक्षा की भावना अवश्य देती हैं यदि कोई सामान्य कमी अथवा कोई आपूर्ति की अधिकता न हो और इस प्रयोजन के लिए धातु निर्माता इकाई ही केवल निवेश करने की क्षमता रखती हो, किंतु भारत इस स्थिति से ऊपर आ गया है।

इस अधिनियम में संशोधन एक असंतुलित स्थिति उत्पन्न करती है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पी.एस.यू.) को बिना नीलामी के खानें आवंटित की जाती हैं। यद्यपि यह संशोधन राज्यों को यह अनुमति देता है कि वे रॉयल्टी के अलावा पी.एस.यू. से प्रीमियम भी प्राप्त करें, प्रक्रिया अस्पष्ट है। खनिज (सरकारी कंपनियों द्वारा खनन) नियम 2015 में प्रावधान है कि सरकारी कंपनी अथवा निगम अथवा किसी संयुक्त उद्यम को अनुदत्त किसी खनन पट्टे के लिए प्रत्येक मामले में केंद्रीय सरकार द्वारा रॉयल्टी की एक यथानिर्धारित प्रतिशतता के बराबर की अतिरिक्त राशि अदा की जाएगी। जब तक यह अतिरिक्त राशि निजी क्षेत्र द्वारा प्रदत्त नीलामी प्रीमियम की बेंचमार्क नहीं होती तब तक राज्य केंद्रीय पी.एस.यू. को खानों के आवंटन के प्रस्ताव आसानी से स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि इसका अभिप्राय राजस्व को छोड़ देना होगा।

प्रभावकारी विनियम

2015 में यथा संशोधित एमएमडीआर अधिनियम ने (खनिज रियायतों के अनुदान की एकमात्र पद्धति के रूप में नीलामी करके) भारतीय खान ब्यूरो (आई.बी.एम.) और राज्य खनन एवं भूविज्ञान निदेशालयों के कार्य स्तर तथा दायरे को बढ़ा दिया है। विशेष रूप से, खनिज स्रोत अनुमान की प्रमाणिकता तथा खनिज भंडार मूल्यांकन सुनिश्चित करने के संबंध में विश्वसनीय एवं बहु–विषयी विशेषज्ञता के विकास के लिए विशेषज्ञतापूर्ण कार्य हैं। तथापि, भारतीय खान ब्यूरो और राज्य निदेशालयों को जन–शक्ति, उपकरणों तथा कौशल द्वारा मजबूत बनाए जाने की आवश्यकता है ताकि वे अपने विनियामक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने में समर्थ बन सकें। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गवेषण कार्य लाइसेंस की शर्तों और निबंधनों के अनुसार आरंभ किया जाए और वह खोज तथा विदोहन को बढ़ाने के व्यापक हित में हो। विनियामक प्रणाली को विधायी व्यवस्था के माध्यम से आवश्यक अधिकार प्रदान किए जाने की आवश्यकता होगी ताकि इस क्षेत्र को निवेश एवं प्रौद्योगिकी प्रवाह के लिए अधिक अनुकूल बनाया जा सके। इस प्रयोजन के लिए क्षमता निर्माण को, यदि नीलामी माध्यम अपनाने के पीछे की मंशा को हासिल किया जाना है तो एक उच्च प्राथमिकता देनी होगी।

एन.एम.ई.टी. निधि का प्रभावी उपयोग करना

- एन.एम.ई.टी. का खर्च रॉयल्टी पर 2 प्रतिशत के एक उपकर से किया जाता है। 30,000 करोड़ रु. की वार्षिक रॉयल्टी मानते हुए (कोयला रॉयल्टी सहित) ट्रस्ट को प्राप्त धन लगभग 600 करोड़ रु. प्रतिवर्ष (अथवा 100 मिलियन डालर प्रतिवर्ष) के आसपास होगा। यद्यपि यह इस क्षेत्र में 5 मिलियन अमरीकी डालर प्रतिवर्ष (अधिकांशतः कोयले पर) के वर्तमान व्यय की तुलना में बहुत अधिक है। फिर भी, यह स्पष्टतः कनाडा (1110 मिलियन अमरीकी डालर), आस्ट्रेलिया (1080 मिलियन अमरीकी डालर प्रतिवर्ष) तथा लैटिन अमरीका (800 मिलियन अमरीकी डालर प्रतिवर्ष)[5] जैसे देशों में गवेषण व्यय की तुलना में समुद्र में एक बूंद के बराबर है । यह प्रतीत होता है कि यह ट्रस्ट उस भारी व्यय का थोड़ा–सा भाग ही पूरा करेगा जो गवेषण की गति को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है और यह उच्च–जोखिम उच्च प्रतिफल की मिसाल की भावना को पर्याप्त रूप में प्राप्त नहीं कर पाएगा ।
- इस समय ट्रस्ट निधि जी.एस.आई. तथा एम.ई.सी.एल. सहित केंद्रीय पी.एस.यू. के विस्तृत गवेषण कार्यकलापों के लिए उपयोग की जा रही है। इसमें खतरा है कि ट्रस्ट की निधियों को, जी.एस.आई. भू–विज्ञान, भू–भौतिकी तथा भू–रसायन के बेसलाईन सर्वेक्षण के प्राथमिक कार्य से हटकर खनिजों के विस्तृत गवेषण के भ्रामक कार्य में लगा लें। इसमें यह विशिष्ट संभावना भी है कि जी.एस.आई. पुनर्गठन के पश्चात् जिस विशिष्ट जनशक्ति को नियुक्त कर रही है वह अपेक्षित विशेषज्ञता (और साथ ही अनुभव) के साथ व्यापक स्तर पर विस्तृत गवेषण के लिए, विशेष रूप से, बेस मेटल, नोबल मेटल तथा रत्नों के गहराई वाले निक्षेपों हेतु वैज्ञानिक कर्मियों को जुटाने में समर्थ न हो सके। वास्तव में पूरी गवेषण कार्यनीति पर यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से आगे विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता है कि एक ओर, जी.एस.आई. का बेसलाइन सर्वेक्षण और मानचित्रण का कार्य बाधित न हो और दूसरी ओर, गवेषण के लिए निधियों और विशेषज्ञ सेवाएं बाधित न हों। तथ्य यह है कि 2019 की नीति में ''सर्वेक्षण और गवेषण'' को ''पूर्वेक्षण और गवेषण'' में बदलाव यह संकेत देता है कि यह भय निराधार नहीं है।
- इस नीति का अभिप्राय यह है कि प्रारंभिक कार्य सार्वजनिक एजेंसियों (और उनकी निजी नामांकित इकाईयों) द्वारा किया जाएगा ताकि एकत्र किए गए आंकड़ें का उपयोग किसी खनिज निक्षेप की नीलामी के लिए किया जा सकेगा और इस प्रकार, राजस्व में अधिकतम बढ़ोतरी की जा सकेगी। राष्ट्रीय खनिज गवेषण नीति के पैरा 15.1 में कहा गया है कि ''नीलामी योग्य खनिज संभावनाओं की एक सतत प्रवाह विकसित करने में राज्य सरकारों को एक मुख्य भूमिका अदा करनी है।'' उन्हें जी.एस.आई. अथवा दूसरी एजेंसियों द्वारा तैयार की गई खनिज गवेषण रिपोर्टों को लेना होगा और उन पर गवेषण के जी 3 या जी 2 स्तर पूरा करना होगा। राज्यों को भी अपने स्टाफ की गवेषण क्षमताएं तैयार करने की आवश्यकता है। केंद्रीय सरकार को इस प्रक्रिया में शीघ्रता लाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। एन.एम.ई.टी. द्वारा राज्यों के क्षमता निर्माण कार्य को सहायता दी जाएगी।''

5. यह सुनिश्चित करना कि खनिजों की प्राप्ति जी 3 अथवा उससे भी अधिक उच्च स्तर जी 2 स्तर से की जाती है, इसके लिए पर्याप्त आधार स्तरीय कार्य और व्यय की आवश्यकता होती है। इसमें यदि तकनीकी अथवा वाणिज्यिक कारणों से भंडार वास्तव में विदोहनीय नहीं है तो व्यर्थ व्यय का भारी जोखिम होता है। इस समय, इन सार्वजनिक एजेंसियों की क्षमता भू–वैज्ञानिक तथा तकनीकी संसाधनों की दृष्टि से बहुत सीमित है। एक व्यापक स्तर पर निवेश (जिसमें पी.एस.यू. के मामले में वित्तीय ईक्विटी तथा दूसरे मामलों में बजटीय सहायता शामिल है) करना होगा ताकि छिपे हुए खनिज निक्षेपों का पता लगाने के लिए विस्तृत गवेषण तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी के दक्षतापूर्ण उपयोग करने हेतु क्षमता निर्माण किया जा सके। छिपे हुए अथवा गहराई में स्थित खनिजों (Concealed, deep-sealed minerals) के लिए पर्याप्त बहु–आयामी विशेषज्ञता

[5] अनुलग्नक 2 देखें।

की भी आवश्यकता है जिसे लंबे समय में ही तैयार किया जा सकता है। परिशिष्ट–3 में कुछ संबंधित प्रक्रियाओं के विवरण दर्शाए गए हैं। परिशिष्ट–4 में देश में संभावित क्षेत्रों के संकेत दर्शाए गए हैं जिन्हें गवेषित किया जा सकता है (विभिन्न जोखिम स्तरों के साथ)।

- हालांकि यह नीति अभी आरंभिक चरण में है, यहां अनेक स्पष्ट मुद्दे हैं जिन पर गहन विचार किए जाने की आवश्यकता है :
- निजी नामांकित एजेंसियों द्वारा गवेषण कार्य वर्तमान वैधानिक रूपरेखा के अंतर्गत नहीं आता है जिसमें एन.ई.आर.पी. के प्रावधान है। इसका तात्पर्य यह है कि एजेंसियां खनिज (रियायत) नियम 1960 और खनिज (संरक्षण और विकास) नियम, 2017 (1988 के पूर्व नियम के स्थान पर) के अनुसार आई.बी.एम. के सीधे विनियामक नियंत्रण के अधीन नहीं होंगी, जैसाकि किसी रियायतधारी के मामले में होगा।
- यह प्रावधान है कि ऐसी नामांकित एजेंसियां भी नीलामी की बोली में भाग ले सकती हैं। अन्य निजी कंपनियों की तुलना में इनकी बोली में इनके गवेषण कार्य का अनुचित प्रभाव पड़ने की आशंका हो सकती है, और यह नहीं कहा जा सकता कि यह प्रक्रिया सब इकाईयों के संबंध में समान व्यवहार कर रही है। इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि वे लाभ प्राप्त करने के लिए सभी आंकड़े साझा न करें।
- जैसाकि पहले ही कहा जा चुका है, राष्ट्रीय खनिज गवेषण ट्रस्ट में सालाना आमदनी 600 करोड़ रु. (100 मिलियन डालर) के आसपास है, उसका मोटा हिस्सा जी.एस.आई., केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सी.एम.पी.डी.आई.), एम.ई.सी.एल. तथा राज्य खनन और भू–विज्ञान निदेशालय के माध्यम से प्रोस्पेक्ट को जी 3 अथवा जी 2 तक लाने के लिए आरक्षित रखा जाएगा। राज्यों की क्षमता निर्माण को भी ट्रस्ट की निधियों में से किए जाने की आवश्यकता होगी जैसा एन.एम.ई.पी. के पैरा 15.1 में उल्लेख किया गया है। इसलिए, निधि में उपलब्ध राशि एन.एम.ई.पी. के अधीन गवेषण के लिए ट्रस्ट निधि से निजी गवेषण हेतु सीमित होने की संभावना है।
